नेपाल के पश्चिमी भाग लुम्बिनी प्रदेश, अर्घाखाँची जिला के पूर्वी भाग में पाल्पा जिला के निकट सीमावर्ती क्षेत्र समुद्र तल से करीब 1800 मीटर अर्थात् करीब 5000 फीट की ऊँचाई में अवस्थित समतल भू–भाग स्थित स्थल, पडेना और पोखरा थोक के ऊपरी भाग में स्थित महर्षि पाणिनि तपस्थली, जहाँ महर्षि पाणिनि ने भगवान सदा शिवजी को प्रसन्न करने के लिए घोर तपस्या की थी। तत्पश्चात् आशुतोष भगवान ने प्रसन्न होकर भक्ति भाव से परिपूर्ण होकर नाचते हुए डमरू को चौदह बार बजाया। जिसके फलस्वरूप चौदह ध्वनियाँ अवतरण हुईं। यही चौदह ध्वनियाँ माहेश्वर सूत्र हुए। (1) अ इ उ ण् (2) ऋ लृ क् (3) ए ओ ङ् (4) ऐ औ च् (5) ह य व र ट् (6) ल ण् (7) ञ म ङ ण न म् (8) झ भ ञ (9) घ ढ ध ष् (10) ज ब ग ड द श् (11) ख फ छ ठ थ च ट त व् (12) क प य् (13) श ष स र् (14) ह ल्

चौदह सूत्र (अज्ञरों का समूह) है, जिनका उपयोग करके व्याकरण के नियमों का अत्यन्त लघु रूप देने में पाणिनि ने सफलता पायी है।

नृत्तावसाने नटराजराजो ननाद ढक्कां नव पञ्च वारम्।
उद्धर्त्तु कामः सनकाविसिद्धान्त एतद्विमर्शे शिवसूत्रजालम्।।

अर्थात् "नृत्य (ताण्डव) के अवसान (समाप्ति) पर नटराज (शिव) ने सनकादि ऋषियों की सिद्धि और कामना का उद्धार (पूर्ति) के लिए नवपंच (नौ और पाँच अर्थात् चौदह) बार डमरू बजाया। इस प्रकार चौदह सूत्रों का ये जाल (वर्णमाला) प्रकट हुई। डमरू के चौदह बार बजने से चौदह सूत्रों के रूप में ध्वनियाँ निकली, इन्हीं ध्वनियों से व्याकरण का प्राकट्य हुआ।" इसलिए व्याकरण सूत्रों के आदि प्रवर्तक भगवान सदा शिव को माना जाता है। प्रसिद्ध है कि महर्षि पाणिनि ने इन सूत्रों को देवाधिदेव शिव के आशीर्वाद से प्राप्त किया, जो कि पाणिनीय व्याकरण का आधार बना।

पाणिनीय व्याकरण का नाम अष्टाध्यायी है। इसमें आठ अध्याय तथा लगभग चार सहस्र सूत्र हैं। अष्टाध्यायी में छः प्रकार के सूत्र बताए गए हैं; वे हैं– संज्ञा, परिभाषा, विधि, नियम, अतिदेश और अधिकार। महर्षि पाणिनि की मुख्यतः निम्नलिखित आठ रचनाएँ हैं–अष्टाध्यायी, धातुपाठ, गणपाठ, शब्दकोश, लिङ्गानुशासन, शिक्षा, जाम्ववती विजय और द्विरूप कोष। सिद्ध महर्षि पाणिनि का व्याकरण केवल संस्कृत भाषा में लिखित वैदिक और लौकिक शब्दों को ही शुद्ध करने के लिए नहीं सिखाता, बल्कि विश्व के कोई भी भाषा को शुद्ध लिखने के लिए वैज्ञानिक विधि को परिपूर्ण (विकसित) करता है। इसी कारण महर्षि पाणिनि की विशेष विद्धता को विश्व की अनेक वैज्ञानिक भूरी–भूरी प्रशंसा कर रहे हैं। संस्कृत भाषा विश्व में विशुद्ध और प्रथम भाषा है "कहकर अनेक वैज्ञानिक भूरी–भूरी प्रशंसा कर रहे हैं। 'संस्कृत भाषा विश्व में विशुद्ध और प्रथम भाषा है" कहकर श्रवेमची **T- Shipley Dictionary of World Origins** में प्रशंसा करके लिखा हुआ वाक्य का "संस्कृत भाषा विश्व भाषा है।" नामक पुस्तक में लेखक डॉ. श्री ज्ञान लाल श्रेष्ठ जी ने समावेश करके उक्त पुस्तक का पेज नम्बर 15 में लिखा हुआ वाक्य मैं प्रस्तुत कर रहा हूँ– In contrast to the mainly spoken vernaculars sanskrit the earlist written language of our speech group, seemed well ordered refined.

इसी प्रकार उपरोक्त पुस्तक में ही एडिनवर्ग विश्वविद्यालय बेलायत का प्राध्यापक जोन लेयनस ने Discovery of Sanskrit पुस्तक में लिखते हैं-At the end of 18th century it was discovered that sanskrit the Ancient and Sacred language of India was related to Latin, Greek and to other Europian languages. अन्य एक बेलायतवासी भाषा विशेषज्ञ श्री विलियम जोन्स ने 205 वर्ष पहले कहा था–The sanskrit language bore to Greek and Latin. संस्कृत भाषा ने ग्रीक, लैटिन भाषा को जन्माया। संस्कृत भाषा में शब्दों प्रशस्त, स्वच्छता और सुन्दरता होने का वर्णन किए गए– The sanskrit language whatever be its Antiquities] is of a wonderful structure] more perfect than the Greek] more copious than the Latin and more Equisitely refined than either.

संस्कृत भाषा का चारों वेद सहित पचास से अधिक पुस्तकों का अंग्रेजी में अनुवाद करने वाले मैक्समूलर लिखते हैं– हिन्दुओं का व्याकरण और अन्वयों की योग्यता संसार में जितने जाति हैं, उन

सब से श्रेष्ठ हैं। "सर बी. बी. हण्टर कहते हैं– विश्व की सभी व्याकरणों में पाणिनीय व्याकरण सभी का राजा है।" प्रोफेसर टी. सेरबासर्कद कहते हैं– पाणिनीय व्याकरण मानव दिमाग की श्रेष्ठ रचनाओं में अद्वितीय है।

महर्षि पतन्जलि लिखते हैं कि महर्षि पाणिनीका अष्टाध्यायी लेखन में एक भी कट नहीं है। किसी भी प्रकार से अपूर्ण नहीं है। परन्तु इन्होंने अष्टाध्यायी को अधिक सरलीकृत करके तथा कात्यायन का वार्तिक को लेकर महाभाष्य लिखा। अतः ये तीनों महर्षियों को व्याकरण का ''त्रिमुनि'' कहा जाता है।

श्रीभविष्य पुराण में महर्षि पाणिनि का संक्षिप्त परिचय–

ॐ सिद्धेश्वरं शिवं वन्दे पाणीनये वरप्रदम्।
श्रेयं सदैव साधयेर्थे शङ्कर शरणागतः।।

महान–शब्द–शास्त्रस्य व्यावस्था परियोजकम्।
नमस्तं पाणिनिं सिद्धं सदाशङ्कर सन्निधम्।।''

महर्षि पाणिनि के जन्मदाता माता–पिता के बारे में भी भविष्य पुराण, मत्स्य पुराण और वायु पुराण अनुसार विश्वामित्र गोत्रीय महर्षि श्री सामन का बेटा श्री पाणिनि श्री कालिदास आदि कवियों के कृति से, दक्ष प्रजापति की कोई बेटी के कोख से पैदा होने का सबूत मिलता है–

सामनष्य सुतः श्रेष्ठः पाणिनीनांम विश्रुत। ''शङ्कर शालङ्क दाक्षी पुत्राय धीमते'' बुद्धिमान दाक्षी पुत्र को शिवजी ने प्रसन्न होकर अपना प्रसाद स्वरूप सूत्र निर्माण करने की शक्ति दी। यह वाक्य पाणिनि के पिता जिनका नाम 'सामन' है, उनका है।

परन्तु एक स्थान पर शालङ्क को पाणिनि का पिता भी बताया गया है। परन्तु भविष्य पुराण का प्रतिसर्ग पर्व में पाणिनि का पिता श्सामनश होने का प्रमाण मिलता है। (शलातरो नामः सोऽभिजनो अस्यास्तीति शालातुर त्रभवान पाणिनिः) शालातुर नामक गाँव में जन्म होने के कारण पाणिनि का नाम 'शालातुरीय' भी रहा है।

इस कारण पाणिनि का जन्म स्थान विद्वानों ने शलातुर गांव को ही माना हैं। कालान्तर में शलातुर का नाम नो क्रमशः शलातुर–सलाथूर–हलाथूर, हलाहुर, लाहुर होने की बात भाषा विद्धजन स्वीकारते हैं।

श्री वर्षाचार्य के सुयोग्य शिष्य श्री पाणिनि ने तक्षशिला विश्वविद्यालय में अध्ययन पूरा किए थे। पहले पाटलीपुत्र नगर (पटना) में निवासी उक्त आचार्य के साथ पढ़ने के लिए रहते समय अपना सहपाठी कात्यायन को परास्त करने में असमर्थ होने से खिन्न होकर श्री पाणिनि ने अपनी गुरु माँ का आज्ञानुसार विद्यातीर्थ श्री शिवजी की आराधना के लिए हिमालय की ओर चल पड़े।

अथ कालेन वर्षस्य शिष्यवर्गो महानभूत।
तत्रैकः पाणिनिर्नाम जड़बुद्धि तरो भवत्।।
स शुश्रुषापरि क्लिष्टः प्रेषितो वर्ष भार्यया।
अगच्छत् तप से खिन्नो विद्याकामो हिमालयम्।।

ध्यान तपस्या करने के लिए सहारा मरुभूमि जैसे जगह अथवा बारहों महीनों हिम से ढका हुआ हिम शिखर में ही रहने की आवश्यकता नहीं है। इसके लिए जन समूह का कोलाहल वातावरण से बिल्कुल अलग होने के साथ समशीतोष्ण जगह आवश्यक होता है। ऐसा ही स्थान खोज करते हुए तक्षशिला से उत्तर दिशा होते हुए वैदिक संस्कृति का सम्पूर्ण तपस्वियों का तपोभूमि (देवभूमि) नेपाल का तीन श्रेणी (हिमालय, महाभारत पहाड़ लेक और चुरे पहाड़ लेक) पहाड़ मध्ये महाभारत लेक ही समशीतोष्ण होने के कारण उपयुक्त स्थान खोज करते हुए आते–आते कृष्ण गण्डकी के किनारे रू रू क्षेत्र से पंच कोस के अन्दर दुर्वाशेश्वर गुफा के पास ही पहाड़ी में स्थित घनघोर जंगल तथा पहाड़ का उच्च स्थान में समथर स्थल को उपयुक्त स्थान मानकर वहीं श्री शिवजी की आराधना में संलग्न हुए। सात दिन पेड़ के पत्ते खाकर व्यतीत किया। फिर केवल पानी पीकर ही रहे और अन्त में केवल वायु ही ग्रहण करके तपस्या में जुटे रहे। शिवजी प्रसन्न होकर भावपूर्ण मुद्रा में नाचते और डमरू ने बजाते हुए प्रकट होकर आज्ञा दी– "मेरा प्रिय तपस्वी पाणिनि! वरदान माँगो!' अपना आराध्य देव श्री महादेव का ऐसा अमृतमय वचन सुनकर खुशी से गद्गद् होकर पाणिनि ने स्तुति किया।

नमो रूद्राय महते सर्वेशाय हितैशिणे।
नन्दीसंस्थाय देवाय विद्या भयङ्कराय च।।
पापान्तकाय भर्गाय नमोनन्ताय वेध से।
नमोमाया हरेशाय नमस्ते लोकंशङ्कर।।

यदि प्रसन्नो देवेश विद्यामूल प्रदोभव।
परं तिर्थ हि में देहि द्वय मातुरपितर्नमः।।

भविष्य पुराण प्रतिसर्ग पर्व 16/7/8 पाणिनि की स्तुति स्वीकार करते हुए श्री महादेव ने अपनी दिव्य डमरू बजाते हुए वरदान स्वरूप माहेश्वर सूत्र प्रदान किया।

पाणिनि के युग का समय निश्चय करने में विद्वानों का अलग–अलग विचार है। इतिहासकारों द्वारा स्पष्टीकरण से पता चलता है कि यह युग ईसा से पूर्व और बुद्ध के बाद का कालखण्ड हैं। चीनी यात्री 'युयान चुआङ भारत भ्रमण में ईसा से सातवीं शताब्दी पूर्व में आकर स्वयम् शलातुर गया था। शलातुर गान्धार, काबुल नदी और सिन्धु नदी के पास पश्चिम और उत्तर दिशा में दो कोस दूरी पर होने का प्रमाण मिलता है।

अतः यह युग ईसा पूर्व पाँच सौ से सात सौ बीच का होना चाहिए।

पाणिनि तपोभूमि–पश्चिम नेपाल अर्घाखाँची जिला के पणेना ही महर्षि पाणिनि का वास्तविक तपस्थली होने का प्रमाण विभिन्न ग्रन्थों, अनुसन्धान के विभिन्न स्रोतों में मिलता है और विश्व में अन्य किसी भी स्थान में पाणिनि तपस्थली होने का कोई भी प्रमाण न होने और इस स्थान का नाम परापूर्व काल से ही पाणिनि तपोभूमि होने के कारण स्थान का नाम से ही स्पष्ट होता है। उच्चारण में अथवा बोलचाल की भाषा में सुविधा के लिए तपोभूमि नाम छोड़कर श्पाणिनीयश शब्द ही पड़ा। कालान्तर में पाणिनीय को पाणिना, पणिना फिर श्पणेनाश, इसी क्रम में धीरे–धीरे बदलाव होकर वर्तमान में श्पणेनाश नाम से प्रसिद्ध हैं।

विक्रम सम्वत् 2028 साल से पहले का अभिलेखों में पाणिनि तपोभूमि नाम से ही मिलते हैं और तत्कालीन सी.डी.ओ. (Chief District Officer) ने

पाणिनि तपोभूमि नाम लम्बा होने के कारण केवल 'पणेना' ही लिखने का आदेश दिया। तत्पश्चात् केवल 'पणेना' लिखा जाने लगा।

विक्रम सम्वत् 2019 से पहले के अभिलेखों, सम्पत्ति के कागजातों तथा हुण्डियों में पाणिनीय तपोभूमि, पणेना, गुल्मि जिला लिखा हुआ मिलता है। इससे स्पष्ट होता है कि तत्कालीन समय में यह स्थान गुल्मि जिला में था और पाणिनीय तपोभूमि कहा जाता था।

इसी प्रकार अर्घाखाँची जिला के मध्यकालीन इतिहास का अध्ययन करने पर पाणिनि तपोभूमि कुछ समय पाल्पा बल्डेंग गढ़ी और उससे पूर्व विक्रम सम्वत् 1500 के आस–पास खाँची राज्य के अन्तर्गत रहने का तर्क त्रिभुवन विश्वविद्यालय के पूर्व इतिहास विभाग प्रमुख डॉ. राजाराम सुवेदी को लेख में मिलता है। विक्रम सम्वत् 1505 में खाँची के राजा जय भूपाल सिंह ने पाणिनि तपोभूमि में धार्मिक स्थल के जीर्णोद्वार करने के क्रम में तालाब निर्माण करने का प्रसंग उल्लेख होता है। इस स्थल में घण्टा लटकाने के लिए दो विशाल खम्बे स्थित थे, जिससे घण्टे के आकार और समय के कालखण्ड अनुमान लगा सकते हैं तथा दो खम्बों के बीच में घण्टा लटकाने के लिए लकड़ी लगाया हुआ था, लकड़ी में कुण्डा भी था, जो विक्रम सम्वत् 2062 में माओवादिओं ने नष्ट कर दिया।

पाणिनि तपोभूमि को खोज अनुसन्धान क्रम में स्थानीय व्यक्ति श्री शिवराज पोखरेल ने विक्रम सम्वत् 2015 में भारत के वाराणसी स्थित सम्पूर्णानन्द विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक श्री कृष्ण मणि त्रिपाठी का सहयोग से हिन्दू धर्म ग्रन्थ भविष्य पुराण में वर्णित अवस्थाको और पाणिनि तपोभूमि को अनुसन्धान करके पाणिनि तपोभूमि ही वास्तविक सिद्धि प्राप्ति का स्थान होने का दावा करके पाणिनि तपोभूमि नामक पुस्तक बनारस से प्रकाशित किया था और पाणिनि तपोभूमि को नक्शाङ्कन करके नेपाल प्रज्ञा प्रतिष्ठान का सदस्यों के सहयोग से पुस्तक प्रकाशित किया था। इस क्षेत्र में प्रचुर मात्रा में आयुर्वेदिक जड़ी–बूटी मिलने के कारण आयुर्वेदिक अनुसन्धान केन्द्र स्थापना के लिए माँग सहित नेपाल सरकार के समक्ष तथा श्री 5 महेन्द्र को विनती–पत्र भी दिया गया था। परन्तु अनेक कारणों से कार्यान्वयन के लिए आगे बढ़ नहीं सका।

जहाँ महर्षि पाणिनि ने तपस्या करके सिद्धि प्राप्त किया था, उस स्थान में महर्षि पाणिनि का एक मन्दिर बना हुआ है। इस मन्दिर का खास विशेषता है कि इसका पूर्वी छत का बारिश का पानी कृष्ण गण्डकी में मिलता है और पश्चिमी छत का बारिश का पानी बाण गंगा में जाता है।

इस स्थान में खड़ा होकर उत्तर की ओर देखने पर हिमालय शृंखला जैसे– माछापुछ्रे, धवलागिरी, अन्नपूर्णा जैसे हिम शिखर चाँदी की तरह चमकते हुए दिखते है और कास्की से लेकर रुकुम तक का पहाड़ भी दृष्टिगोचर होते हैं। इस क्षेत्र में विभिन्न फलों की भरमार है। जैसे सन्तरे, मौसमी, निम्बू, बड़ा निम्बू, आँवला, अदरक, लहसून, हल्दी, इलायची आदि से लदे हुए वादियाँ, रैना देवी, मालिका, मुर्राकोट, गोपाल सिद्धाश्रम जैसे ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों का दृश्य उत्तर दिशा में देखने को मिलता है और गाँव बस्ती से सटे हुए खेत–खलियान में धान, गेहूँ, मक्का आदि से हरे–भरे दृश्यावलोकन होता है। पश्चिम की ओर पोखरा थोक, धातिवाङ्ग, पटौटी का बस्तियाँ हरिहर संस्कृत विद्यापीठ, दुर्वाशेश्वर गुफा जहाँ दुर्वासा ऋषि ने तपस्या किया था, उसके नजदीक ही त्रिवेणी घाट जहाँ दुर्वासा ऋषि दैनिक स्थान करने जाते थे और ऊपर (पाणिनि तपो भूमि) से देखने पर नागवेली आकार का सुन्दर दृश्यावलोकन होता है। दुर्गा फाँट का प्राकृतिक दृश्यावलोकन भी कर सकते हैं।

पश्चिम दक्षिण में नरपानी के नजदीक नतेनाचल पर्वत (महाभारत पहाड़ श्रृंखला में) जहाँ रावण ने शिवजी को प्रसन्न करने के लिए तपस्या किया था तथा उसके पास ही शक्तिपीठ श्री सुपा देउराली का मन्दिर है, जहाँ हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। इसी प्रकार शरीर को हिलाए बगैर दक्षिण दिशा में सिर घुमाने पर नेपाल का अन्न भण्डार तराइ क्षेत्र सहित भारत के गोरखपुर का रेलवे लाइट का प्रकाश तक देख सकते हैं और नेपाल के चार कोसे झाड़ी जंगल का मनोरम दृश्य भी अवलोकन कर सकते हैं।

इस क्षेत्र में समुद्र तल से 1800 मीटर की ऊँचाई पर मिलने वाली जड़ी–बूटियाँ चिराइतो, कुट्टी, कटुस, लेकाली बूटी, टिमुर, सेतुवा, ऐसेलु, चौतारी, काली, लाल तथा सफेद गुराँस, चन्दन, काफल, उत्तिस, पाँच औले, हर्रो, बर्रो, डेलिया, पिपला, आँवला, विभिन्न प्रजाति का सल्ला, रूद्राक्ष आदि प्रचुर मात्रा में मिलते हैं।

मुझे सबसे ज्यादा आश्चर्य तो किवी फल को देखकर हुआ। पूछने पर पता चला कि उस किवीवाइन में करीब दो क्विण्टल फल लगे हुए हैं। एक अन्य विशेष विशेषता यह है कि इस क्षेत्र में मई–जून के महीना में भी साधारण पोशाक में ठण्डी महसूस होती है। यहाँ का वातावरण बारहौं महीना ठण्डा ही रहता है।

इस स्थान में विशेष रुचि लेकर महायज्ञ को नेतृत्व करने वाले स्थानीय व्यक्ति श्री शिवराज पोखरेल जी का उपनाम शालिग्राम जी हैं। यह महाशय ही पाणिनि तपोभूमि का अनुसन्धान के क्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर में बात पहुँचाने वाले व्यक्ति हैं। साहित्यिक क्षेत्र में ख्याति प्राप्त व्यक्ति मोदनाथ प्रसित जी ने भी विभिन्न अवसर पर विभिन्न माध्यम

से सराहनीय कार्य किये हैं। मैं (व्यक्तिगत तौर पर) यहाँ एक बात बताना चाहता हूँ कि इस क्षेत्र में बड़ी–बड़ी हस्तियों ने जन्म लिया तथा उन लोगों का लालन–पालन भी यहीं हुआ; जैसे– हरिहर संस्कृत विद्यापीठ का जन्मदाता हरिहर जी, उसके बाद काशीनाथ गौतम जी का भी क्षेत्र रहा।

ऐसे–ऐसे कई धनाढ्य तथा बुद्धिजीवीयो का क्षेत्र होते हुए भी पाणिनि तपोभूमि के लिए केवल दूहने के अतिरिक्त भी नहीं किया गया। बल्कि सन्त समाज का इस कुछ क्षेत्र के लिए बहुत बड़ा योगदान दिखता है।

स्वामी कृष्णानन्द परमहंस जी ने विक्रम सम्वत् 2042 से लेकर विक्रम सम्वत् 2066 तक खून–पसीना से सींचा है। वे बहुत बड़े ज्ञानी होने के साथ चौदह भाषाओं का ज्ञाता थे। वे सभी गाँव वालों को अपने बच्चों के समान प्यार करते थे, प्रत्येक वर्ष अठारह पुराणों में से एक पुराण का यज्ञ लगाते थे।

स्वामी कृष्णानन्द परमहंस जी ने इस स्थान में शुद्ध तथा साधारण जीवन जिया। विभिन्न पुस्तकों का प्रकाशन किया, भागवत पुराणों का नेपाली भाषा में छाया अनुवाद किया। वेद तथा संस्कृति को बचाकर रखने के साथ–साथ उन्होंने आयुर्वेद तथा प्रायः लुप्त जड़ी–बूटियों को भी बचाकर रखा हैं। सो ही क्षेत्र के कैलाश डाडा में पेड़–पौधों को भावी सन्तान के लिए बचाकर रखे हुए हैं और कपिलवस्तु के नन्दपुर में भी इसी प्रकार का संरक्षण कर रहे हैं।

स्वामी कृष्णानन्द परमहंस जी की इच्छानुसार उनकी समाधि भी नजदीक ही बनी हुआ है। परापूर्वकाल से ही पाणिनि तपोभूमि दह में श्रावण महीना में मेला भरता है और वहाँ के तालाब का पवित्र जल में स्नान करने के लिए लोग दूर–दूर से लोग आते हैं।

देश के विभिन्न हिस्सों से सन्तों की मण्डली आकर डेरा डालते हैं। इस क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए विक्रम सम्वत् 1970 के दशक में योगी थन्थापी बाबा का योगदान रहा। इसके बाद तिनगिरे के स्थानीय व्यक्ति पल्टने जोगी ने सब कुछ सँभाला। श्री भुवनेश्वर पोखरेल ने तालाब का जीर्णोद्धार, शिवजी की मूर्ति स्थापना तथा अन्य कार्य करवाया। तिनगिरे से ऊपर का भू–भाग से लेकर डाडा कटेरी मोटर मार्ग के ऊपर का भू–भाग पाणिनि तपोभूमि का भू–भाग है। यहाँ विभिन्न औषधीय वनस्पति के साथ–साथ वन्य जानवरों जैसे–शेर, बाघ, मृग, कालिज, खरगोश आदि सामान्यतः दिखते रहते हैं।

पर्यटकीय दृष्टि से पाणिनि तपोभूमि को व्यवस्थित करने की जरूरत है। इस क्षेत्र का समुचित व्यावस्थापन, विकास तथा प्रचार–प्रसार भी होना है।

इस स्थान को विश्व सम्पदा सूची के अन्तर्गत रखने के लिए पहल करने की जरूरत है। आध्यात्मिक योग साधना और आध्यात्मिक गन्तव्य के रूप में इस स्थान का विकास होना चाहिए। संस्कृत भाषा व्याकरण का उद्‌गम स्थल को भाषा विद्धानों के लिए परामर्श के केन्द्र के रूप में विकसित करने की जरूरत है।

वर्तमान में बिजली, पानी, धर्मशाला यहाँ की प्राथमिक आवश्यकताएँ हैं। कुछ वर्ष से थोड़ा–बहुत कार्य हो रहा है। नेपाल के एक सौ धार्मिक एवं पर्यटकीय गन्तव्य के रूप में यह स्थान भी अब आकर सूचीबद्ध हो गया है।

एक सभा स्थल भी निर्माणाधीन है। तिनगिरे से पाणिनि तपोभूमि तक पक्की सड़क का निर्माण भी हो चुका है। मन्दिर में पुजारी केवल सुबह 9 बजे से 11 बजे तक ही मिलते हैं। आस–पास के क्षेत्र की साफ रखने के लिए झाड़ियों का कटाई शुरू हो चुकी है। सूत्रों से पता चला है कि जंगली झाड़ी को कटान करके विभिन्न जड़ी–बूटियों के पौधे और किवी फल का बेल लगाने की योजना है।

नेपाल का मेरुदण्ड माने जाने वाला महेन्द्र राजमार्ग जो पूर्व मेचि अन्चल से पश्चिम में महाकाली अन्चल तक पहुँचा हुआ है। बुटवल से लगभग 35 किलोमीटर पश्चिम में शाल झण्डी, (कपिलवस्तु) से ढोर पाटन मार्ग होते हुए पाणिनि दह जा सकते हैं। महेन्द्र राजमार्ग से उत्तर में पाणिनि तपोभूमि तक विद्युतीय साधन (केबुल कार) का विकसित करने से इस स्थान सही मायने में धार्मिक एवं पर्यटकीय क्षेत्र बनने में कोई नहीं रोक सकेगा और व्याकरण का जनक पाणिनि तपोभूमि का यश भी चारो ओर फैलेगा। सबसे खास बात तो यह है कि इससे पहाड़ों से पलायन रुकने में भी मदद मिलेगा और आश्चर्य न होगा कि बुटवल का व्यापारी शाम को प्रतिष्ठान बन्द करके अपना घर पाणिनी तपोभूमि क्षेत्र में आवास के लिए आना चाहेगा इस लेख को लिखने का मेरा सिर्फ एक ही उद्देश्य है कि किसी भी प्रकार से येन–केन प्रकारेण पाणिनि तपोभूमि का प्रचार–प्रसार करना तथा इस महान स्थल को उचित सम्मान प्राप्त कराकर विश्व सम्पदा के रूप में प्रस्तुत करना है। पाणिनि तपोभूमि व्यावस्थापन, संरक्षण एवं संवर्धन समिति के कोषाध्यक्ष श्री पुष्कर राज पोखरेल जी ने विभिन्न पत्र–पत्रिकाएँ तथा अन्य सामग्रियाँ उपलब्ध कराया और इस स्थान को बेहतरी के लिए कुछ करने के लिए हौंसला बढ़ाने के कारण इष्टदेव श्री राम की असीम कृपा से इस कार्य में लगा हुआ हूँ। हाँ, श्री पुष्कर राज पोखरेल का एक इच्छा है कि विश्व के माने हुए कुछ संस्कृत, हिन्दी तथा नेपाली भाषा के भाषा विद्वानों का इस स्थान में सम्मेलन कराकर भाषा अनुसन्धान केन्द्र के रूप में पाणिनि तपोभूमि दह को पहचान कराने का है।

आप सभी से करबद्ध प्रार्थना है कि अपने–अपने स्थान से जो जिस प्रकार से (तन, मन, धन से) सहयोग कर सकते हैं, करने का कष्ट करें। हमारे पूर्वज ऋषि–मुनियों का सम्मान, सत्कार तथा उनके कर्मभूमि उत्थान करना हम सभी का कर्तव्य है। विशेष सद्‌भाव के साथ सिर झुकाकर, हाथ जोड़कर, घुटने टेककर हमारे प्रेरणा स्रोत स्वामी जी और आचार्य जी से विशेष अपेक्षा रखते हुए आप सभी का सहयोग तथा मार्गदर्शन, आशीर्वाद शिरोधार्य है।

सेब की चटनी

परम श्रद्धेय आचार्य
बालकृष्ण जी महाराज

काल–मात्रादि का निर्देश

सेब को धोकर छील लें और छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। सेब के बीजों को बाहर निकाल दें।

सामग्री –

सेब	1 बड़ा
राई	1/4 छोटा चम्मच
मेथी	1 चुटकी
हिंग	1 चुटकी
हल्दी	1 चुटकी
लाल मिर्च पाउडर	1/2 चम्मच (छोटा)
नमक	स्वादानुसार
चीनी	2 छोटे चम्मच (2–4)

पूर्वतैयारी –

1. सेब को धोकर छील लें और छोटे–छोटे टुकड़ों में काट लें।
2. सेब के बीजों को बाहर निकाल दें। (4)

विधि–

1. एक कड़ाही को गर्म करें व उसमें राई भूनें।
2. राई के चटकने पर उसमें हींग, मेथी व हल्दी डालकर तुरन्त सेब के टुकड़े डालें यदि आवश्यक समझें तो थोड़ा पानी भी डाल सकते हैं।
3. उन्हें अच्छी प्रकार चलाकर मिला लें।
4. फिर उक्त मिश्रण में चीनी, नमक और मिर्च पाउडर डालकर पकाएं व चलाते रहें।
5. मिश्रण के पक जाने पर जब सेब नरम हो जाए तो कड़ाही को आंच से उतारें, तैयार चटनी को ठण्डा करके हवाबन्द डिब्बे या कांच आदि के बर्तन में सुरक्षित रखें।
6. इस पौष्टिक व अद्भुत चटनी को खाने के लिए परोसें। (6–8)

जिन्दगी

खुश रहकर गुजारो,
तो मस्त है जिदंगी
दुःखी रहकर गुजारो
तो त्रस्त है जिदंगी
तुलना में गुजारो
तो पस्त है जिदंगी
इंतजार में गुजारों
तो सुस्त है जिदंगी
दिखावे में गुजारो,
तो बर्बाद है जिन्दगी
सीखने में गुजारो
तो किताब है जिदंगी
मिलती है एक बार
प्यार से बिताओं जिदंगी
जन्म तो रोज होते है,
यादगार बनाओ जिदंगी



Fun. Fast. Tasty. Delicious.

Bring Home The The Trasure Trove Of Home Made Recipes & Make Your Mundane Food Helathy and Delicious

A Book By

Ayurved Shiromai Param Sharaddhey
Acharya Balkrishna Ji Maharaj

5 PRANAYAMAS
TO MAKE YOU AIR POLLUTION PROOF

-Yogaguru Neha Karki

Organic food and home grown food might be the solution for food adulterations. Boiled & RO Purified water might be the solution for water pollution. I am sharing some magical yogic mantras here to help you become air pollution proof. There is a strong and miraculous weapon, called "PRANAYAMA" to make your respiratory system strong enough from within and make it air pollution proof. It is scientifically effective. Regular practice of pranayama makes the human body strong and healthy, not only physically but also mentally, emotionally and spiritually. Here is a pranayama series to tackle air pollution:

Pollution is one of the biggest challenges humanity is facing today. Health complication of air pollution, water pollution and food adulterations are creating massive health complications in society. Government all over the world and other concerned authorities are toiling hard to control it.

1. Kapabhati- Sit in a comfortable position. Take a deep breath. Then, keep exhaling through your nostrils while contracting your abdominal muscle every time when you exhale. Practice this for 5-10 minutes regularly.
Note: - High B.P patients if tired in in-between, should relax taking deep breathes.

2. Anuloom-Viloom- Remain sited in the same position. Block your right nostril with the right thumb. Exhale & inhale through left nostril. Block your left nostril with ring finger & middle finger. Exhale & inhale through the right nostril. Exhale & Inhale from the left nostril. Repeat the whole process for 10-15 minutes.

3. Suryabhedi- Be there in the same position. Gently block your left nostril with the ring finger & middle finger of the right hand. Deeply inhale and exhale through the right nostril. Continue this practice for 5-10 minutes.
Note- It is practiced in the winter season. High B.P patients should avoid this.



4. Bahiya Pranayama- Inhale deeply. Exhaling assume 3 locks. To start with, contract the abdominal muscle and pull them up as much as possible. Tilt your chin down pressing the collarbone with chin. Pull the perineum muscle up. Hold this position as long as you are comfortable. Open your chin lock and while inhaling release the abdominal lock and finally perineum lock. Repeat this process for 3 times.

5. Mahaprana Dhwani- Sit in the same position. Take a long and deep breath and while exhaling chant "Hum" sound. Repeat this chanting for 10-15 times.





Good air quality
Healthy lungs have wide open pathways



High ozone levels
Muscles contract, pathways for air are narrowed, and breathing is difficult

आयुर्वेद विशेषांक

आयुर्वेदीय पंचकर्म चिकित्सा

पंचकर्म शब्द से ही इसका अर्थ स्पष्ट है कि ये पाँच प्रकार के विशेष कर्म हैं। ये शरीर से मलों व दोषों को बाहर निकालते हैं। पंचकर्म–चिकित्सा आयुर्वेदीय चिकित्सा का एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण अंग हैं, क्योंकि कई बार अनेक प्रकार की औषधियों का सेवन करने पर भी रोग बार–बार आक्रमण करते रहते हैं।

इन रोगों से बचाव व इनके उन्मूलन के लिए शरीर के मलों व दोषों को बाहर निकालने वाली (Eliminition Therapy) जो संशोधन की चिकित्सा–प्रक्रिया (Method) है, उसे ही पंचकर्म–चिकित्सा कहा जाता है। पंचकर्म–चिकित्सा से पूर्व जिन कर्मों को किया जाता है, उन्हें पूर्वकर्म कहा जाता है, पूर्वकर्म के अन्तर्गत संशमन एवं संशोधन चिकित्सा की जाती है, उसमें स्नेहन

और स्वेदन का विशेष महत्व है। ये पाँच कर्म निम्नलिखित हैं–

1. वमन (Emetic therapy)
2. विरेचन (Purgative therapy)
3. नस्य (Inhalation therapy or Errhine)
4. अनुवासन वस्ति (A type of enema)
5. निरूह वस्ति (Another type of enema)

सुश्रुत आदि कुछ विद्वानों ने नस्य के स्थान पर 'रक्तमोक्षण' **(Blood letting therapy)** को पंचकर्म में गिना है। इन सभी प्रकार के कर्मों को करने से पहले यह देखना आवश्यक होता है कि रोगी शारीरिक और मानसिक दृष्टि से उसके योग्य है भी या नहीं? अन्यथा लाभ के स्थान पर हानि हो सकती है। पंचकर्म से पहले जो कुछ तैयारी की जाती है, उसे 'पूर्वकर्म' तथा बाद में जो कुछ सावधानी व पथ्य–अपथ्य का ध्यान रखना होता है, उसे 'पश्चात् कर्म' कहा जाता है। रोगी के अनुसार विशेष प्रकार की औषधियों का चयन करके ही विशेष विधि (प्रक्रिया) का प्रयोग किया जाता है। अब आगे इन पाँचों कर्मों का संक्षिप्त विवरण दिया जा रहा है।

- कफ के निर्हरण अर्थात् बाहर निकालने के लिए (Elimination) वमन (Emesis) सर्वश्रेष्ठ है।
- पित्त के निर्हरण के लिए विरेचन (Purgation) सर्वश्रेष्ठ है।
- वात के निर्हरण के लिए एनिमा या बस्ति (अनुवासन और आस्थापन, दोनों) सर्वश्रेष्ठ है। शरीर में कोमलता व मृदुता (Tenderness) लाने के लिए स्वेदन (Fomentation0 सर्वश्रेष्ठ है।

वमन

जिस चिकित्सा में उल्टी या वमन (Vomiting) लाने वाली औषधियों का प्रयोग करके आमाशय की शुद्धि की जाती है, उसे वमन कर्म कहते हैं। इस चिकित्सा का प्रयोग अधिक गर्मी व अधिक सर्दी के समय को छोड़कर करने का विधान है। वमन कर्म उन व्यक्तियों के लिए उपयोगी है, जो कफज और पित्तज रोगों से पीड़ित हैं। इन रोगों के अन्तर्गत खाँसी, श्वास (अस्थमा), जुकाम, कफज ज्वर, जी मिचलाना, भूख न लगना, अपच, टॉसिल्स (गलशुण्डी), रक्ताल्पता (एनीमिया), विष का प्रभाव, शरीर के निचले अंगों से रक्तस्राव, कुष्ठ एवं अन्य चर्मरोग (खुजली, विसर्प आदि), गाँठे व गिल्टी, सूजन, नाक की हड्डी का बढ़ना, मूत्ररोग, ग्रहणी रोग, अतिनिद्रा, तन्द्रा (Drowsiness), शरीर में किसी अंग की वृद्धि, मिर्गी, उन्माद, पतले दस्त, कान का बहना, चर्बी बढ़ना व इससे उत्पन्न रोग, दुष्ट प्रतिश्याय (साइनस) तथा नाक, तालु व होंठ का पकना आदि हैं।

विरेचन

जब आँतों में स्थित मल पदार्थ को गुदा द्वार से बाहर निकालने के लिए औषधियों का प्रयोग किया जाता है, तो इस क्रिया को विरेचन कहते हैं। यह एक महत्त्वपूर्ण संशोधन (Purgation) कर्म है। इसका प्रयोग सामान्यतः शरद्–ऋतु में किया जाता है, परन्तु यदि रोग गम्भीर हो, तो किसी भी ऋतु में इसका प्रयोग किया जा सकता है।

सामान्यतः शरीर में शुद्धि लाने के लिए तो विरेचन क्रिया का प्रयोग किया ही जाता है, इसके अतिरिक्त पित्त का प्रकोप, आम (आधा पचा अथवा बिल्कुल ना पचा भोजन) से उत्पन्न रोग, अफारा और कुष्ठ जैसे अभयंकर चर्म रोगों को दूर करने के लिए भी विरेचन–कर्म का प्रयोग किया जाता है। इसके सम्यक् प्रयोग से इन्द्रियों में शक्ति, बुद्धि में ताजगी, पाचकाग्नि में वृद्धि तथा रक्त, रस आदि धातुओं और शारीरिक बल में स्थिरता आती है।

नस्य कर्म अथवा शिरोविरेचन

सिर, नेत्र, कान, नाक व गले के रोगों में जो चिकित्सा नाक द्वारा ली जाती है, वह नस्य अथवा

शिरोविरेचन कहलाती है। नस्य शिर से कफ आदि दोषों को बाहर निकालता है। इसके लिए तीक्ष्ण प्रभाव वाले तेलों अथवा तीक्ष्ण औषधियों के रस या क्वाथ से पकाए गए तेलों का प्रयोग किया जाता है। इसके अतिरिक्त औषधियों के रस या चूर्ण का प्रयोग भी किया जाता है। नस्य का प्रयोग कफज, ऊर्ध्वजत्रु (नाक, कान, गला व सिर) के रोगों में एवं शिरःशूल, स्वरक्षय, पीनस, प्रतिश्याय, शोथ (सूजन), अपस्मार (मिर्गी), कुष्ठ जैसे भंयकर चर्मरोग व अरुचि में किया जाता है।

अनुवासन बस्ति

जिस चिकित्सा–कर्म में गुदामार्ग द्वारा औषधि प्रविष्ट कराई जाती है, उसे बस्ति–कर्म कहते हैं। जिस बस्ति–कर्म में केवल घी, तेल आदि स्नेह द्रव्यों अथवा क्वाथ आदि के साथ अधिक मात्रा में स्नेह पदार्थों का प्रयोग किया जाता है, उसे 'अनुवासन' अथवा 'स्नेहन बस्ति' कहा जाता है। इसके प्रयोग से कोष्ठ की शुद्धि के साथ–साथ स्निग्धता और स्थानीय कोमलता भी आती है। अनुवासन बस्ति से शरीर में पुष्टता आती है, शक्ति, स्वास्थ्य व आयु में वृद्धि तथा रंग में निखार आता है।

निरूह बस्ति

जिस बस्ति कर्म में कोष्ठ की शुद्धि के लिए औषधियों के क्वाथ, दूध और तेल का प्रयोग किया जाता है, उसे निरूह बस्ति कहते हैं, क्योंकि यह बस्ति शरीर में वात आदि दोषों और धातुओं को सम स्थिति में स्थापित करने में सहायक है, अतः इसे आस्थापन बस्ति भी कहते हैं।

वातज रोग, उदावर्त (वायु का ऊर्ध्व गमन), वातरक्त (गठिया), विषम ज्वर (मलेरिया), उदर रोग, पेट में अफारा, मूत्रशय में पथरी, शूल, अम्लपित्त (Hyperacidity), मन्दाग्नि, मूत्र में रुकावट, हृदय रोग, प्रमेह, रक्त प्रदर तथा कब्ज जैसे रोगों से पीड़ित व्यक्ति को निरूह बस्ति देनी चाहिए।

देश के आयुर्वेद और योग के अनुसंधान में पतंजलि अग्रणी

यूएसए की विश्वविख्यात स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी एवं यूरोपियन पब्लिशर्स एल्सेवियर के द्वारा जारी विश्व के अग्रणी वैज्ञानिकों की सूची में आयुर्वेद शिरोमणि परम श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण जी महाराज हुए शामिल

यूएसए की विश्वविख्यात यूनिवर्सिटी एवं यूरोपियन पब्लिशर्स एल्सेवियर द्वारा जारी विश्व के अग्रणी वैज्ञानिकों की सूची में आचार्य बालकृष्ण जी को शामिल किया गया है जिससे न केवल पतंजलि अपितु आयुर्वेद व योग के प्रति निष्ठा रखने वाले वैज्ञानिक व अनुसंधानकर्ता सभी गौरवान्वित अनुभव कर रहे हैं। इससे पहले UNO की संस्था (UNSDG) द्वारा भी आचार्य जी को सम्मानित किया गया था। योगऋषि स्वामी रामदेव जी ने कहा कि आचार्य जी ने विश्व के अग्रणी व ख्यातिप्राप्त वैज्ञानिकों में स्थान प्राप्त कर बॉटनी बेस्ड मेडिसिन सिस्टम, योग– आयुर्वेद चिकित्सा तथा चिकित्सा के परिणामों को वैश्विक स्तर पर गौरवान्वित किया है। आयुर्वेद के क्षेत्र में कार्य करने वाली पतंजलि पहली ऐसी संस्था है जिसके पास NABH मान्यता प्राप्त दो हॉस्पिटल के साथ NABL, DSIR, CPCSCEA, DBT से मान्यता प्राप्त विश्वस्तरीय अनुसंधान प्रयोगशालायें भी हैं।



आचार्य जी के नेतृत्व में संचालित पतंजलि अनुसंधान संस्थान के अन्तर्गत अनेकों आयुर्वेदिक जड़ी–बूटियों पर वृहद् स्तर पर अनुसंधान करके उन्हें विभिन्न विश्व प्रसिद्ध रिसर्च जर्नल्स में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। यहाँ लगभग 500 वैज्ञानिक निरंतर शोधकार्य में संलग्न हैं।

कोरोनाकाल में जहाँ पूरा मॉडर्न मेडिसिनल सिस्टम राह तक रहा था, चारों ओर त्राहि–त्राहि थी, तब आचार्य जी के दिशानिर्देशन में पतंजलि अनुसंधान संस्थान के कुशल वैज्ञानिकों की टीम ने कोरोनिल के रूप में एक प्रामाणिक औषधि का निर्माण किया था। यही नहीं, यहाँ विभिन्न साध्य–असाध्य रोगों पर भी अनुसंधान आधारित गुणकारी औषधियाँ तैयार की गई हैं जिनमें– लिवोग्रिट, न्यूरोग्रिट गोल्ड, मैमोरिग्रिट, मधुग्रिट, बीपीग्रिट, कार्डियोग्रिट गोल्ड, श्वासारी गोल्ड, पीड़ानिल गोल्ड, ब्रोंकोम, आईग्रिट व इयरग्रिट आदि प्रमुख हैं। इसके साथ ही आचार्य बालकृष्ण ने सैकड़ों ग्रन्थों, वनस्पति आधारित पुस्तकों, पाण्डुलिपी आधारित पुस्तकों की रचना कर अद्वितीय कार्य किया है। योग–आयुर्वेद में ही 80 भाषाओं में रिसर्च बेस्ड पब्लिकेशन्स हैं। वर्ल्ड हर्बल इन्साइक्लोपीडिया ऐसी ही कालजयी रचना है जो आने वाली कई पीढ़ियों के लिए प्रेरणाप्रद तथा मार्गदर्शक की भूमिका निभाएगा। इसके 109 भागों में से 51 भागों का प्रकाशन हो चुका है, शेष 58 भाग आने वाले कुछ वर्षों में प्रकाशित किए जाने का लक्ष्य है।

शरीर व उसमें निहित शक्तियाँ

[आयुर्वेद शिरोमणि परम श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण जी महाराज

आयुर्वेद एवं योग आदि अध्यात्म-शास्त्रों में जहाँ शरीर का सूक्ष्म वर्णन किया है, वहां उसकी अन्तश्चेतना को भी बहुत सूक्ष्मता व गहनता के साथ समझाया गया है। उन शक्तियों के ज्ञान व जागरण के द्वारा अनागत रोगों से बचाव तथा आगत रोगों से मुक्ति प्राप्त कर परमानन्द की प्राप्ति के उपायों का भी वर्णन किया गया है।

REPRESENTING INDIA IN IRAN

Shreejay Mall

To spread the Indian culture and for mutual harmony, Param Shraddhey Acharya Ji Maharaj visited Iran on December 2022. During his visit, he met with Iranian Vice President Honorable Dehghani Firouzabadi in Tehran and presented him with the Rudraksha Mala as a sign of respect. To further accelerate the research on agriculture and traditional herbs and Integrated Medicinal System Hon'ble Vice-President agreed to initiate the student exchange program. Acharya Ji Maharaj also met with the President of Bank Pasargad (Iran's biggest bank), Mr. M. Ghassemi, and discussed about the cooperation on various Fin-tech products, Digital Agriculture, and POS machines of Bharuwa Solutions to which, everyone unanimously approved the constitution of a high-level committee of senior officials of Patanjali. Patanjali's years of consistent hard work was well appreciated when Acharya Ji Maharaj presented Patanjali's developmental work in the field of herbal research in front of the Vice-Chancellor and faculty members of Tehran University. Acharya Ji Maharaj's three day stay in Iran opened a wide spectrum of possibilities to establish cultural sublimity and to create fraternity between the two countries.

دانشگاه تهران خوش آمدید

Acceptance of Ayurveda-Based Bhasmas' Therapeutic Role in Global Scientific Fraternity



It is considered in Ayurveda that thermal treatment and burning of metals transforms those into biocompatible materials.

ACS OMEGA

http://pubs.acs.org/journal/acsodf Article

Investigating the Role of Classical Ayurveda-Based Incineration Process on the Synthesis of Zinc Oxide Based Jasada Bhasma Nanoparticles and Zn^{2+} Bioavailability

Acharya Balkrishna, Deepika Sharma, Rohit K. Sharma, Kunal Bhattacharya, and Anurag Varshney*

Cite This: https://doi.org/10.1021/acsomega.2c05391 Read Online

Patanjali Research Institute, Haridwar's scientists showed that the classical sixteen step high-temperature incineration process transforms Jasada bhasma into nanoparticles and make them highly biocompatible. The research work was acknowledged and published in the prestigious American Chemical Society's peer-reviewed journal 'ACS Omega' (http://pubs.acs.org/doi/10.1021/acsomega.2c05391) These refined nanoparticles form of Jasada bhasma imparts thier medicinal characteristics by making zinc ions bioavailable through oral intake for medical treatments, while causing no negative side-effects. The old age Rishi-parampara of India has given wonderful medicines through classical Ayurveda-based medicinal system. In addition, the classic metal-bhasma synthesis pathway produces therapeutic metal-based drugs with non-toxic characteristics.

NIR BAHADUR GURUNG

A man who wrote his own Fate

A proud but illiterate Gorkha, he overcame abject poverty to somehow come to Darjeeling and join the Gorkha Regiment with dreams in his eyes to win many awards and decorations for bravery. He made it into the army but unfortunately the fate played a hand. Back in his teen age days while he was on duty serving the nation in the army, on 13 January, 1983 his truck met with an horrendous accident and all the heavy ammunation boxes feel upon him.

While 4 of the accomaning soliders died instantly, he suffered a major fracture and broken spine because of which he could never walk again. Seeing his dreams getting shattered he sometimes had sucidal thoughts, but being a tough army person he did not lose hope and thirty months after the accident started building a new life for himself by getting into sports in Pune Paraplegic Rehabilitation Centre of the Indian Army. In the year January 1987 participated National Sports Championships for Paraplegics On his debut he won the gold medal in the 100 metres race. From then on there was no looking back, and the rest is history.

On 30 November 2022, Mr Nir Bahadur Gurung was awarded with wtih Major Dhyan Chand Khel Ratna Award, 2022 For his achievements in Para Athletics

KHARG BAHADUR NEPALI

Sahitya Akademi
For Saino (Drama)

ROSHAN RAI 'CHOT'

Sahitya Akademi - Yuva Puraskar
For Deshko Anuhar (Poetry)

MEENA SUBBA

Sahitya Akademi - Bal Sahitya

For Kopilaka Rangharu (Short Stories)

PURNA KUMAR SARMAH

Sahitya Akademi Translation

For Shantanukulanandan (Translated from Assamese)

हाम्रो संस्कृति

3rd Online International Deusi Bhailo Competition

-Shreejay Mall

Tihar is a 5-day long festival celebrated in Nepali culture. As a traditional Nepali festival, Deusi Bhailo is celebrated on the third and fourth day of Tihar. In this, both men and women make groups and visit different houses, dancing, and singing, taking dakshina and giving them blessings.

On 20 November to celebrate this occasion and keep the tradition alive, Hamro Swbahiman Trust, with the blessings of Param Pujya Yog Rishi Swami Ramdev Ji Maharaj and Param Shraddhey Ayurved Shiromani Archarya Bhalkrishna Ji Maharaj, conducted The "Third Online International Deusi Bhailo Competition-2022". The event witnessed dynamic participation from enthusiastic Nepali Speaking people from all around the world who not only put in their best efforts but mesmerized everyone by brilliantly depicting our Nepali culture to the world.

Hamro Swabhian Trust being a pioneer in preserving the value of Nepali culture, did its best to make this year's program a success. After a tough judgment, the result of the event was declared on 20th November 2022. Kailashpur Bahilo Toli was adjudged the first place. All the participants were awarded certificates and winners were presented with Prize money. The program was a huge success and a benchmark was set for all future activities.

To Watch All The Performances Click On The Link Below

youtube.com/HamroSwabhiman

Pram Shraddhey Acharya Ji Maharaj Felicitated at Gorkhali Sudhar Sabha, Dehradun, Uttarakhand

New Hamro Swabhiman Committee formed at Modi Nagar Uttar Pradesh

New Hamro Swabhiman Committee formed at Gurugram, Hariyana

Members of Hamo Swabhiman Trust Jharkhand and Weset Begal met each other

An Important meeting at Dehradun, Uttarkahnd

चित्र प्रदर्शनी

Hamro Swabhiman Trust, Mahila Committee Delhi provided a helping hand to the inmates of Satya Jeevan Leprosy Society, Vinobhanagar, New Delhi by Distributing ration.